
# Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# स्मार्ट सिटी कार्यालय पर गरजे कांग्रेसी

विरोध

## स्मार्ट सिटी के जनरल मैनेजर को सौंपा गया ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। दून शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्य से जनता को आए दिन परेशानियों का सामना करने के विरोध में कांग्रेसजनों ने स्मार्ट सिटी कार्यालय पर प्रदर्शन कर अपना विरोध किया और कहा कि कार्य चलने से समस्याएं और बढ़ती जा रही हैं और इन समस्याओं का व्यापक स्तर पर समाधान किये जाने की जरूरत है अन्यथा आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के जनरल मैनेजर को ज्ञापन भी सौंपा गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्मार्ट सिटी के कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर स्मार्ट सिटी के कार्य से जनता को हो रही परेशानियों के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर



पर वक्ताओं ने कहा कि शहर कि सड़के व आंतरिक सड़के खुदी होने से आए दिन वाहनों के एक्सीडेंट हो रहे हैं तथा एम्बुलेंस को भी घंटो ट्रैफिक में फसा रहना पड़ता है जो कि एम्बुलेंस के अन्दर मरीजों के लिए जानलेवा स्थिति है और साथ ही सड़कों पर बने गड़डों का पता नहीं चलता है।

वक्ताओं ने कहा कि जिस कारण राहगिर इन गढडों में गिर कर चोटिल हो रहे हैं और आम जनता को भी आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। वक्ताओं ने कहा कि त्यौहारी सीजन में जब आम जनता सामान खरीद के लिए बाजारों में प्रवेश कर रही है तो उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और हर जगह खुदा होने से धूल–मट्टी के कारण सभी के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, त्यौहारी सीजन में स्मार्ट सिटी के कार्य को रोका जाए।

वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट सिटी कार्य से देहरादून के एकमात्र परेड ग्राउड का दृश्य उलट हो गया है। वक्ताओं ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा परेड ग्राउड के सौंदर्यीकरण एवं परेड ग्राउड स्थित खेल स्थलों पर करोड़ों रूपए का काम किया गया था, वहीं वर्तमान सरकार ने परेड ग्राउड का हाल खराब कर दिया है।

इसी प्रकार पल्टन बाजार, सुभाष रोड, पटेल रोड, ई सी रोड, तेग बहादुर रोड, न्यू रोड, डिस्पेंसरी रोड, सुभाष रोड, सुभाष रोड़, आराघर, बलबीर रोड, राजपुर रोड व शहर के कई स्थानों पर खुदी हुई रोड जगह–जगह से धंस गयी है और इस कारण सड़कों पर वाहनों की घंटों तक लम्बी कतारें बनी रहती हैं और आम जनता को चलने में भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि सीवर व पानी की लाईनें टूटने के कारण इसे ठीक ढंग से रिपर्यर नहीं किया जा रहा है, सिर्फ पाईपों में ट्यूब बांध कर काम चलाया जा रहा है। जिससे सीवर व पानी की लाईनें मिल जाने के कारण लागों के घरों में गन्दा पानी सप्लाई हो रहा है और लोगों को बीमारी से जूझना पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### किसानों को नहीं मिल पा रहे एसएमएस

**संवाददाता** रुड़की। गन्ना विभाग की ओर से किसानों को गन्ना पर्चियों के मैसेज भेजने के दावे की पोल खुल गयी है। किसानों को मैसेज ही नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे किसान परेशान हैं। साथ ही वह इस बात की शिकायत भी गन्ना विभाग के अफसरों से कर रहे हैं। तीन साल से गन्ना विभाग इस बात का दावा कर रहा है कि किसानों को गन्ना पर्चियों की जानकारी एसएमएस के जरिये मिलेंगी। इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा। यहां तक कि गन्ना आयुक्त ललित मोहन रयाल ने तो निर्देश तक दिए हैं कि किसान गन्ने की पर्ची लेकर नहीं आता है तो एसएमएस दिखाकर भी उसका गन्ना तोला जाएगा। कोविड–19 की एडवाइजरी में भी इस बात का उल्लेख किया गया है। इस बीच लिब्बरहेड़ी चीनी मिल चालू हो चुकी है।

### वेतन की मांग को लेकर मुखर हुए नैनीताल पालिका के कर्मचारी

**संवाददाता** नैनीताल। अक्टूबर माह का वेतन न मिलने और दीपावली नजदीक होने के बावजूद बोनस जारी नहीं होने पालिका कर्मचारी मुखर हो गए है। कर्मचारियों ने ईओ का घेराव कर वेतन और बोनस भुगतान की मांग की। साथ ही ऐलान किया कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे। बता दें कि वित्तीय संकट से जूझ रही पालिका आय के संसाधन जुटा पाने में असमर्थ साबित हो रही है। बजट नहीं होने से एक बार फिर कर्मचारियों का वेतन देने की समस्या खड़ी हो गयी है। कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन नहीं दिया गया है, इधर दीपावली नजदीक होने के बावजूद जब कर्मियों को बोनस जारी नहीं किया गया तो उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

### अपने शिशु को सेहतमंद बाल देने के लिए माता–पिता की मार्गदर्शिका

**संवाददाता** देहरादून। नवजात शिशुओं का सिर व बाल उनकी त्वचा की भांति ही बहुत कोमल होते हैं। इसी बात पर रोशनी डालते हुए हिमालया ड्रग कंपनी नए माता–पिता को अपने शिशुओं के लिए विशेष हेयर केयर रूटीन अपनाने का परामर्श दे रही है, ताकि उनके शिशुओं को मोटे, मुलायम सेहतमंद बाल मिलें। डॉक्टर प्रतिभा बबशेत, आयुर्वेद विशेषज्ञ, आरएंडडी, हिमालया ड्रग कंपनी ने कहा, "शिशु के बाल सेहतमंद करने के लिए सबसे पहले तेल लगाना जरूरी है। ज्यादातर शिशुओं का सिर रूखा हो जाता है, उसमें डैंड्रफ हो जाता है और बालों की बहुम कम वृद्धि होती है, इसका समाधान रोज सिर की तेल मालिश करके किया जा सकता है। इसके लिए ऐसे उत्पादों का उपयोग करें, जिनमें प्राकृतिक तत्व हों और जो शिशु के बालों के लिए सुरक्षित व कोमल हों।

## जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के पुत्र की आकस्मिक मौत पर शोक

संवाददाता

पिथौरागढ़। मुंसयारी के सरमोली जिला पंचायत सदस्य जगत मतोर्लिया के परिवार के इकलौते पुत्र दीपराज उम्र 21 साल की सोमवार को देहरादून में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने की सूचना मिलने पर मर्तोलिया के घर पर पीडित परिवार को शो संवेदना देने वालों का तांता लगा हुआ है।



दीपराज।

बता दें कि यह घटना सोमवार देर सांय की है। दीपराज देहरादून से मेडिकल की तैयारी कर रहा था। परिवार का इकलौता चिराग था। वही बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद पिता व माता दोनों शोक स्तबध है। मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेंहता व अन्य जिले के सामाजिक संगठनों ने दुख की इस घडी में परम पिता परमेश्वर से शोक स्तब्ध परिवार को दुख सहने करने की शक्ति व साहस प्रदान करने की कामना की। बता दें कि दीपराज के एकदम अचानक चले जाने से उनके पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## जनता व व्यापारियों के लिए निकाली जनजागरूकता रैली

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव हेतु आम जनता को जागरूक करने व मॉस्क, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए बाजार एरिया मे कालसी पुलिस ने जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों व व्यापारियों को जागरूक करने का काम किया।



राजधानी के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशन में आगामी त्योहारी सीजन में भीड़ भाड़ होने एवं लोगों द्वारा बाजार में अधिक संख्या में उपस्थित रहकर खरीददारी करने को लेकर कोरोना संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के सभी दुकानदारों व्यवसायियों एवं आम जनता को इस संबंध में जागरूक करने एवं उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी विकासनगर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कालसी के नेतृत्व में थाना कालसी पुलिस द्वारा पुरानी कालसी से कालसी गेट, कालसी बाजार, हरिपुर से यमुना पुल तक मार्च पास्ट कर रैली निकाली गईं।

रैली में कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव संबंधी स्लोगन के बैनर व तख्तियां व नारों के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया गया एवं दुकानदारों व व्यवसायियों को आगामी त्यौहारी सीजन में भीड़भाड़ होने के संबंध में अपने अपने प्रतिष्ठानों में सोशल डिस्टेंसिंग बैनर, दुकान के आगे गोले बनवाने व दुकान पर खरीददारी करने वाले लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का शत–प्रतिशत पालन करवाने की हिदायत दी गई।

## आठ पार्षदों ने पालिका अध्यक्ष को बर्खास्त करने की उठाई मांग

संवाददाता

देहरादून। मसूरी नगर पालिका के आठ पार्षदों द्वारा संयुक्त पत्रकार वार्ता कर पालिका अध्यक्ष पर जो भ्रष्टाचार और अनियमतताओं के आरोप लगाते हुए 16 बिंदुओं का एक शिकायत पत्र मुख्यमंत्री, कमिश्नर और जिलाधिकारी दून को लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा है कि और उनके वित्तीय अधिकार छीनकर उनको बर्खास्त करने की मांग की है इस पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए

### जिलाधिकारी दून को लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग

और ऐसे में पालिका अध्यक्ष को अपने पद पर रहने का अधिकार नही है उन्हें स्वतः ही इस्तीफा दे देना चाहिये। उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष ने अपने 2 साल के कार्यकाल में कई बार पालिका बोर्ड की सहमति या सूचना के बिना कई काम मौखिक आदेश पर करा देना लोकतंत्रिक प्रक्रिया की हत्या है। उन्होंने कहा कि जब 2010 में जब लीज पर रोक लग गयी थी तो अब लीज क्यों कि जा रही है। मैसनिक लॉज में पार्किंग के नाम पर 70 आवास बनाये जाने की बात की जा रही है जब एमडीडीए ने उसमें चालान किया था ता एमडीडीए क्यों उसमे कार्रवाई नही कर रही है।

उन्होंने कहा कि माल रोड का इको बैरियर भ्रष्टाचार की जड़ है, उन्होंने कहा कि पालिका अध्यक्ष ने बड़ी चालाकी से पालिका बोर्ड को बाईपास कर शहरी विकास मंत्रालय से इसकी स्वीकृति ले ली, यह बैरियर कंप्यूटरीकृत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झड़ीपानी में भी मनमानी के काफी मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि सुनने में यह भी आ रहा है कि फसने के डर से पालिका अध्यक्ष फाइलों के साथ छेड़ छाड़ कर रहे हैं और जल्दबाजी में चेक बना रहे हैं ताकि सबका भुगतान हो जाय। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मांग करती है शासन प्रशासन इसका संज्ञान लेकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच करे।

## परिवार और दोस्तों को दीजिए स्पार्क 6 एयर और खुशियों को कीजिए डबल

**संवाददाता** देहरादून। जगमग रोशनी का त्योहार दिवाली नजदीक ही है। फेस्टिव सीजन की आहट के साथ इस त्योहार में अपने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाने का काफी बेहतरीन और खुशनुमा माहौल बन गया है। इस सीजन में खुशियों को और बढ़ाने के लिए आप अपने प्रियजनों को 8 हजार रुपये से कम कीमत वाली श्रेणी में मिलने वाले बेस्ट बजट स्मार्टफोन गिफ्ट कर सकते हैं। इससे आपकी जेब पर बहुत ज्यादा बोझ भी नहीं पड़ेगा। टेक्नो स्पार्क 6 एयर (2 जीबी+32 जीबी) ने इस वर्ष एंट्री लेवल सेग्मेंट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाते हुए 7,999 रुपये की कीमत में यह स्मार्टफोन लॉन्च किया है। अब यह स्मार्टफोन फेस्टिव सीजन में स्पेशल प्राइस पर लोगों को 7,699 रुपये में मिल सकता है। केवल यही नहीं, उपभोक्ताओं को स्पार्क 6 एयर के साथ 799 रुपए की कीमत वाला ब्लूटूथ ईयरपीस मुफ्त में दिया जाएगा।